**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्चीबाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-सी सी /06 दिनांक : 01 नवंबर, 2021

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**बीडीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।**




आज भारत डायानामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह – 2021 का समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

इस समापन समारोह कार्यक्रम के अवसर पर “Emerging Technology and Data Security” विषय पर प्रो (डॉ) एस रामचंद्रम, उप कुलपति, अनुराग विश्वविद्यालय और भूतपूर्व उप कुलपति, उस्मानिया विश्वविद्यालय ने अतिथि व्याख्यान दिया।

बी डी एल की सतर्कता विभाग द्वारा प्रकाशित वार्षिक समाचार पत्रिका **‘चेतना (Chetana)’** का विमोचन कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), सी एम डी, बीडीएल, श्री एन पी दिवाकर, निदेशक (तकनीकी), श्री पी राधाकृष्ण, निदेशक (उत्पादन), श्री एन श्रीनिवासुलु, निदेशक (वित्त),डॉ वेन्नम उपेंदर, आई पी ओ एस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल, कमोडोर ए माधव राव (से.नि.), अधिशासी निदेशक (कंचनबाग इकाई) और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीगण के समक्ष में मुख्य अतिथि प्रो.(डॉ) एस रामचंद्रम द्वारा किया गया।

इस सप्ताह समारोह के दौरान, कंपनी के कर्मचारियों के लिए उनके पति/पत्नि एवं संतान तथा और भानूर डी ए वी के विद्यार्थियों के लिए वाक् प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन, पोस्टर / कोलॅज बनाना इत्यादि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।

इस सप्ताह समारोह के दौरान, पीआईडीपीआई (जनहित प्रकटीकरण और सूचनादाता की सुरक्षा) संकल्प एवं संबंधित जानकारी के अंतर्गत प्रावधानों के संबंध में कार्यशालाएँ / संवेदनशील कार्यक्रम आयोजित किये।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह् के दौरान कंपनी के वेंडर्स में सतर्कता जागरूकता के प्रति बढ़ावा देने ऑन-लाइन विक्रेता मिलाप (वेंडर मीट) आयोजित किया गया।

भ्रष्टाचार दुष्प्रभाव पर ग्राम पंचायत में जागरूकता के प्रति बढ़ावा देने तेलंगाना के संगारेड्डी जिला, भानूर गाँव में ग्रामसभा आयोजित की गई।

बीडीएल, कंचनबाग इकाई में समाज के विभिन्न स्तरों के लोगों में सतर्कता जागरूकता के प्रति बढ़ावा देने वॉकथान आयोजित किया गया।

बीडीएल द्वारा **"स्वतंत्र भारत @ 75 : सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता"** के विषय के रूप में दि. 26 अक्तूबर से 01 नवंबर, 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह् मनाया गया।

**फोटोग्रॉफ के लिए कैप्शन :**

बीडीएल के सतर्कता विभाग द्वारा प्रकाशित वार्षिक समाचार पत्रिका "“चेतना (Chetana)” का विमोचन कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), सी एम डी, बीडीएल, श्री एन पी दिवाकर, निदेशक (तकनीकी), श्री पी राधाकृष्ण, निदेशक (उत्पादन), श्री एन श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त), डॉ वेन्नम उपेंदर, आई पी ओ एस, मुख्य सतर्कता अधिकारी,बीडीएल, कमोडोर ए माधव राव (से.नि.) अधिशासी निदेशक (कंचनबाग इकाई) और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीगण के समक्ष में मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ) एस रामचंद्रम, उप कुलपति, अनुराग विश्वविद्यालय और भूतपूर्व उप कुलपति, उस्मानिया विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।

---XXX---